प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 03.11.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **गिरिडीह और हजारीबाग में भाजपा की लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब, कांग्रेस पर संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप।**
2. **रांची में स्थानीय भाषाओं के संरक्षण के लिए जोरदार प्रदर्शन, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के नेतृत्व में निकाला गया जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा बचाओ मार्च।**
3. **राज्यों में पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, झारखंड सहित तीन राज्यों की नियमावली पर अब 23 नवंबर को होगी अगली सुनवाई।**
4. **मतदाता निबंधन पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का बड़ा निर्देश, 5 नवंबर को दोपहर 12 बजे राज्यभर में चलाया जाएगा सोशल मीडिया महाअभियान।**
5. **राज्य के होनहार पहलवान को मिली बड़ी सौगात, हरियाणा के भिवानी स्थित प्रतिष्ठित साई कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र के लिए हुआ अंतिम चयन।**

****

भाजपा ने आज राज्य के कई जिलों में लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा निकाली। हजारीबाग में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने मार्च किया। मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कांग्रेस पर देश में भ्रम फैलाने का आरोप लगाया।

उधर, गिरिडीह में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहु और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में मार्च किया गया। मौके पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी विपक्ष पर तीखा हमला बोला।

****

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने गिरिडीह उपचुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। गिरिडीह परिसदन में उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं से विचार–विमर्श के बाद ही प्रत्याशी उतारेगी।

****

रांची के भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा नेता कुंवर बासित अली ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने अल्पसंख्यक समाज का केवल वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया है। उन्होंने राज्य में भ्रष्टाचार, कानून–व्यवस्था और घुसपैठ के मुद्दे पर भी तीखा हमला बोला।

****

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ मुंडा ने पलामू में कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन देश में अराजकता फैला रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनता को जागरूक करने के लिए कल मेदिनीनगर में विशाल पदयात्रा निकाली जाएगी, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा सहित दस हजार लोग शामिल होंगे।

****

पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के नेतृत्व में रांची में आज जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा बचाओ मार्च निकाला गया। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के 26 वर्षों बाद भी नौ स्थानीय भाषाएं हाशिये पर हैं। उन्होंने भाषा अकादमी के गठन और बजटीय प्रावधान की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपने की बात कही।

****

जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद खीरू महतो ने अपने दो दिवसीय जमशेदपुर दौरे के दौरान संगठन की मजबूती और विस्तार पर विशेष जोर दिया। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी रणनीतियों पर चर्चा की। श्री महतो ने कहा कि कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है और पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जाएगा।

****

****

निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने शिक्षा विभाग में कथित भ्रष्टाचार और मनमाने तबादलों के खिलाफ धनबाद उपायुक्त कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि

आरटीई नियमों की अनदेखी कर ग्रामीण स्कूलों के बजाय शहरी क्षेत्रों में डेढ़ हजार शिक्षकों का गलत पदस्थापन किया गया है।

****

सुप्रीम कोर्ट में राज्यों के पुलिस महानिदेशक यानी डीजीपी नियुक्ति मामले की अगली सुनवाई अब 23 नवंबर को होगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने झारखंड, उत्तर प्रदेश और पंजाब की नियुक्ति नियमावली पर एमिकस क्यूरी को एक समेकित रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने हजारीबाग की अधिवक्ता अनुष्का चक्रवर्ती की संदिग्ध मौत मामले में पुलिस जांच पर नाराजगी जताई है। न्यायमूर्ति रंगोन मुखोपाध्याय की पीठ ने एसआईटी की प्रगति पर असंतोष जताते हुए फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और 19 नवंबर तक विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने 5 नवंबर को दोपहर 12 बजे सोशल मीडिया महाअभियान हैश डाउनलोड ईसीआई नेट चलाने का आह्वान किया है। प्राचार्यों के साथ बैठक में उन्होंने पात्र विद्यार्थियों का शत–प्रतिशत मतदाता निबंधन सुनिश्चित करने और युवाओं को ईसीआई–नेट ऐप डाउनलोड कराने का निर्देश दिया।

****

जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साइबर डीएसपी अमित रविदास ने बताया कि इनके पास से 11 मोबाइल और 15 फर्जी सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

****

रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित छह दिवसीय जैसोवा दीपावली मेले का आज समापन हो गया। मेले में झारखंड सहित विभिन्न राज्यों के हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पादों की जमकर खरीदारी हुई। जैसोवा की अध्यक्ष प्रीति कुमार ने बताया कि खराब मौसम के कारण मेले की अवधि एक दिन बढ़ाई गई थी।

****

साहिबगंज के कुश्ती खिलाड़ी सत्यम कुमार का चयन हरियाणा के भिवानी स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण साई के आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के लिए हुआ है। खेलो इंडिया कुश्ती सेंटर के प्रशिक्षु सत्यम अब वहां निःशुल्क रहकर अभ्यास करेंगे। वे हरियाणा के लिए रवाना हो गए हैं।

****